## खबर संक्षेप

### जिला अध्यक्ष के प्रयासों से बेहतर होगी व्यवस्था

**मण्डला।** जिले की राशन दुकानों में जिस मशीन के माध्यम से हितग्राहियों को राशन देने की व्यवस्था की जाती है वह मशीन पिछले लगभग 8 दिनों से सर्वर न होने के कारण काम नहीं कर रही जो हितग्राही राशन लेने दुकानों पर जाते हैं उन्हें घंटों इंतजार करना पड़ता है और फिर खाली हाथ वे घर वापिस लौटते हैं एक ओर तो राशन नहीं मिलता दूसरी ओर दिनभर का समय खराब होता है। इस अव्यवस्था को लेकर कल भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने जिले के अधिकारियों से बात की और व्यवस्था तुरंत ठीक करने को कहा इस पर विभाग द्वारा बताया गया कि समस्या ऊपर से ही आ रही थी शाम तक सर्वर ठीक हो जायेगा और कल से यानि 11 फरवरी से हितग्राहियों को बिना किसी परेशानी के राशन मिल सकेगा।

### कलेक्टर एवं एसपी ने बोर्ड परीक्षा केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

**मण्डला।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षाओं की शुचिता, निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर सोमेश मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर एवं एसपी ने उत्कृष्ट विद्यालय एवं सरस्वती शिशु मंदिर परीक्षा केंद्रों का जायजा लिया। कलेक्टर श्री मिश्रा ने परीक्षा हॉल में बैठक व्यवस्था, पेयजल, प्रकाश और सुरक्षा प्रबंधों का सूक्ष्मता से अवलोकन किया। उन्होंने केंद्राध्यक्षों को निर्देशित किया कि परीक्षा संचालन में शासन द्वारा निर्धारित गाइडलाइन का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान डीपीसी श्री कुलदीप कटहल, एपीसी श्री मुकेश पांडे, श्री महेंद्र श्रीवास सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### खनिज गिट्टी के अवैध परिवहन में संलिप्त वाहन ट्रेक्टर जप्त

**मण्डला।** खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण पर प्रभावी रोकथाम के लिए कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार खनिज विभाग मण्डला द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, अवैध परिवहन तथा अवैध भण्डारण के विरूद्ध सतत रूप से कार्यवाहियाँ की जा रही है। इसी तारतम्य में प्राप्त शिकायतों के आधार पर अंजनिया क्षेत्र में खनिज गिट्टी के अवैध परिवहन में संलिप्त वाहन ट्रेक्टर क्रमांक एमपी 51 एए 8918 को खनिज विभाग द्वारा जप्त किया गया। इस वाहन को शासकीय अभिरक्षा में संबंधित चौकी अंजनिया की सुपुर्दगी में दिया गया। वाहन के विरूद्ध म.प्र. खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के प्रावधानों के तहत प्रकरण दर्ज कर कलेक्टर न्यायालय प्रेषित किया जा रहा है।

## जलभराव की समस्या को लेकर वार्डवासी पहुंचे जनसुनवाई में


# वर्षा पूर्व समाधान नहीं तो होगा आंदोलन

*** नपा की लापरवाही से हर साल घरों में घुस रहा गंदा पानी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला



नगर के सुभाष वार्ड स्थित दुर्गा मंदिर के सामने की गली में पिछले 10 से 15 वर्षों से वर्षा ऋतु के दौरान गंभीर जलभराव की समस्या बनी हुई है। हर साल भारी बारिश होते ही क्षेत्र की सड़कें जलमग्न हो जाती हैं, जिससे आम नागरिकों का आवागमन बाधित होता है और नालियों की अपर्याप्त क्षमता के कारण गंदा पानी ओवरफ्लो होकर घरों में प्रवेश कर जाता है। इससे घरेलू सामान को भारी नुकसान उठाना पड़ता है। इस बात को लेकर वार्ड के लोगों द्वारा आज कलेक्टर जनसुनवाई में पहुंच कर शिकायत की है। जनसुनवाई अधिकारियों द्वारा सीएमओ को एक माह के अंदर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है।



स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह क्षेत्र बिनेका, खेतों एवं कृषि मंडी मेन रोड सहित कई प्रमुख मार्गों का जल निकासी मार्ग है, जहां अत्यधिक मात्रा में पानी एकत्रित होता है। लेकिन नालियों की चौड़ाई और गहराई पर्याप्त न होने के कारण जल निकासी सही ढंग से नहीं हो पाती। परिणामस्वरूप क्षेत्र में दुर्गंध, मच्छरों, कीटों तथा सांप जैसे जीव-जंतुओं की समस्या भी उत्पन्न हो रही है।

वार्डवासियों ने बताया कि नगरपालिका चुनाव से पूर्व नाले के निर्माण की स्वीकृति दी गई थी और कार्य प्रारंभ भी हुआ, लेकिन कुछ ही दिनों में कार्य बंद कर दिया गया, जो आज दिनांक तक पुनः शुरू नहीं हो सका। यदि यह कार्य समय पर पूर्ण हो जाता तो वर्तमान स्थिति उत्पन्न नहीं होती। इसके अतिरिक्त नालियों का प्रवाह विपरीत दिशा में होने और सड़क के दोनों ओर ऊँचाई तथा बीच में सड़क के धंसने के कारण जल निकासी में अत्यधिक विलंब होता है।

भारी वर्षा के दौरान जब फोर-व्हीलर वाहन तेज गति से गुजरते हैं, तो सड़क पर भरा पानी तेज लहरों के रूप में घरों तक पहुँच जाता है, जिससे स्थिति और अधिक भयावह हो जाती है।

वार्डवासियों द्वारा 17 जुलाई 2025 को इस समस्या को लेकर नगरपालिका एवं जिला कलेक्टर को लिखित आवेदन दिया गया था। इसके बाद नगरपालिका द्वारा वार्डवासियों के साथ संयुक्त रूप से सर्वे भी कराया गया, लेकिन आज दिनांक तक न तो कोई ठोस कार्यवाही हुई और न ही टेंडर प्रक्रिया प्रारंभ की गई।

अब जबकि वर्षा ऋतु नजदीक है, वार्डवासी अत्यंत चिंतित हैं। क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि आगामी वर्षा ऋतु से पूर्व दुर्गा मंदिर के सामने वाली गली में सड़क निर्माण एवं जल निकासी सुधार कार्य पूर्ण कराया जाए, ताकि इस समस्या का स्थायी समाधान हो सके।

प्रशासनिक उदासीनता से परेशान होकर वार्डवासियों ने सी.एम. हेल्पलाइन में भी शिकायत दर्ज कराई है। उनका स्पष्ट कहना है कि जब तक स्थायी समाधान नहीं होगा, तब तक शिकायत वापस नहीं ली जाएगी। यदि समय रहते समस्या का निराकरण नहीं किया गया, तो वार्डवासी आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

## ज्ञानदीप विद्यालय में प्री-प्राइमरी विंग का हुआ लोकार्पण



*** आधुनिक शिक्षा सुविधाओं से सुसज्जित नई शुरुआत।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

शहर के मध्य स्थित ज्ञानदीप इंग्लिश मीडियम स्कूल में आधुनिक तकनीक से युक्त नव निर्मित प्री-प्राइमरी विंग का भव्य उद्घाटन गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस नए विंग का उद्देश्य नई पीढ़ी को शिक्षा के नवीनतम स्वरूप से जोड़ते हुए प्रारंभिक स्तर से ही गुणवत्तापूर्ण एवं व्यवहारिक शिक्षा प्रदान करना है। कार्यक्रम का शुभारंभ एडीएम राजेन्द्र सिंह, एसडीएम सोनल सीडाम तथा भारतीय स्टेट बैंक मण्डला के क्षेत्रीय प्रबंधक आनंदकुमार सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर एसबीआई प्रबंधन द्वारा विद्यालय को आधुनिक शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु कंप्यूटर लैब के लिए 5 कंप्यूटर सिस्टम प्रदान किए गए, जिससे विद्यार्थियों को वर्तमान समय की आवश्यकताओं के अनुरूप डिजिटल शिक्षा का लाभ मिलेगा। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि प्री-प्राइमरी विंग को बच्चों के अनुकूल रचनात्मक एवं आकर्षक स्वरूप में तैयार किया गया है। यहां खेल-खेल में सीखने की पद्धति अपनाई जाएगी, ताकि नन्हे विद्यार्थियों में प्रारंभ से ही जिज्ञासा, रचनात्मकता और आत्मविश्वास विकसित हो सके। बच्चों के लिए विशेष रूप से सुरक्षित वातावरण, रंगीन कक्षाएं और गतिविधि-आधारित शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराई गई है। छोटे बच्चों की गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए एक विशेष गार्डन क्षेत्र भी तैयार किया गया है। नवीन विंग का निर्माण संस्था के अध्यक्ष सोमेश मिश्रा (IAS) की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में किया गया। उन्होंने विद्यालय में लगातार बेहतर शैक्षणिक व्यवस्था विकसित करने में सहयोग और सुझाव प्रदान किए हैं। उद्घाटन अवसर पर विद्यालय के सचिव डॉ. संजय तिवारी, उपाध्यक्ष विनोद अग्रवाल, अजय खोत, कार्यकारिणी सदस्य संजय मिश्रा, मनोज फागवानी, प्रसन्न सराफ, सैयद जावेद अली, प्राचार्य दिनेश दुबे एवं मो. रफीक खान सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। विंग की रचनात्मक साज-सज्जा में सिमरन खान, वर्षा सोनी, शीतल चौरसिया, पूजा पाठक, मीना चौरसिया और अनुका तिवारी का विशेष योगदान रहा, जिन्होंने निरंतर प्रयास कर इसे बच्चों के लिए आकर्षक बनाया। शुभारंभ अवसर पर उपस्थित अभिभावकों एवं नागरिकों ने इस पहल को नई पीढ़ी के लिए प्रेरणादायी बताते हुए विद्यालय के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालयीन स्टाफ का भी महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

## जिला स्तरीय पिट्टू प्रतियोगिता के दोनों वर्गों में आर डी पीजी कॉलेज बना चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला




मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंडला द्वारा आयोजित जिला स्तरीय पिट्टू महिला एवं पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें महिला एवं पुरुष दोनों वर्गों में रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंडला की टीम ने विजेता होने का गौरव हासिल किया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि सलमान खान उर्फ राजा भाई रहे तथा अध्यक्ष के तौर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर अनिल गुप्ता की गरीमामई उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक डॉक्टर टीपी मिश्रा, डॉक्टर बी टेमरे, डॉक्टर एस एस ज्योतिषी, डॉक्टर अनीता झरिया, डॉक्टर सीमा धुर्वे, डॉक्टर मुकेश आर्मो, डॉक्टर के ल धुर्वे, डॉक्टर अंकिता बिसेन तथा जिले के वरिष्ठ कीड़ा अधिकारी डॉ विवेक जायसवाल, डॉक्टर प्रशांत यादव, डॉक्टर आशीष चतुर्वेदी, डॉक्टर अनूप परिहार डॉक्टर रवि यादव, डॉक्टर देवेंद्र बघेल उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल मैच बम्हनी बंजर विरुद्ध आर. डी. पीजी कॉलेज मंडला के बीच खेला गया जिसमें आर.डी.पी.जी. कॉलेज मंडला ने इकतरफा मुकाबले में बम्हनी बंजर को 28 के मुकाबले 140 अंकों से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं दूसरा सेमीफाइनल मैच शासकीय महाविद्यालय नारायणगंज विरुद्ध नैनपुर के मध्य खेला गया। इस कशमकश भरे मुकाबले में नारायणगंज ने नैनपुर को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मैच रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंडला विरुद्ध नारायणगंज के मध्य खेला गया। इस मैच में रानी दुर्गावती महाविद्यालय मण्डला ने नारायणगंज को 61 के मुकाबले 97 अंक से हराकर फाइनल जीतने का गौरव हासिल किया। फाइनल मैच के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर अनिल गुप्ता रहे। फाइनल मैच के उपरांत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर अनिल गुप्ता ने सभी खिलाड़ियों को आशीर्वाद प्रदान किया तथा आने वाले प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन करने के लिए आशीर्वाद दिए। महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी एवं अंतर्राष्ट्रीय कोच डॉक्टर गुलबहार खान ने दोनों टीमों को अच्छे खेल प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता के समापन के अवसर आयोजन सचिव डॉ गुलबहार खान ने प्रतियोगिता में आए सभी टीमों के खिलाड़ी, कोच तथा ऑफिशियल्स का आभार व्यक्त किया।

## भ्रष्टाचारी सचिव को बचाने आगे आई सरपंच

*** कार्यवाही न करने की मांग को लेकर सीईओ को लिखा पत्र।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

मण्डला जनपद की ग्राम पंचायत तिलईपानी में पदस्थ सचिव द्वारा किये गये भ्रष्टाचार की कहानी अब नये मोड़ पर आती दिखाई दे रही है लाखों के फर्जी भुगतान की शिकायत के बाद जब जांच की गई तो सचिव को दोषी पाया गया और जनपद द्वारा जिला पंचायत को सचिव को हटाने उसे बर्खास्त करने एवं उसका स्थानांतरण करने जैसी बातें प्रतिवेदन में उल्लेखित की गईं और एक वर्ष के अंदर 2 से 3 जांच प्रतिवेदन जिला पंचायत को भेजे गये लेकिन आज दिनांक तक सचिव पर कोई कार्यवाही नहीं की गई।



भ्रष्टाचारी सचिव की कारस्थानी जब मीडिया के माध्यम से सुर्खियों में आई तो फिर जनपद के जांच प्रतिवेदन और जिला पंचायत के कथित बाबूओं के द्वारा भ्रष्टाचारी सचिव को बचाने के प्रयास भी सार्वजनिक होते गये अब जब सभी की कलई खुलकर सामने आ रही है तो अब जिन्होंने शिकायत की थी उन्हें मनाने का प्रयास प्रारंभ किया गया और उन्हें मना भी लिया गया इसका जीता-जागता सबूत वे पत्र हैं जो शिकायतकर्ताओं ने सचिव के विरूद्ध जांच न करने की बात कही और किसी भी तरह की कार्यवाही से उसे बचाने जनपद सीईओ को पत्र लिखा गया।

तिलईपानी में पदस्थ सचिव श्रीमति दीप्ती चौरसिया की शिकायत ग्राम के ही पंचों ने एवं ग्रामवासियों ने मय सबूतों के साथ की थी और इस शिकायत पर जनपद से एक जांच कमेटी गठित की गई जिसके द्वारा ग्राम पंचायत तिलईपानी में हुये फर्जी भुगतान की गंभीरता से जांच हुई और उसमें सचिव को दोषी पाया गया। सचिव पर कार्यवाही की बात करते हुये जांच प्रतिवेदन जनपद से जिला पंचायत भेजा गया जहां एक साल से ज्यादा का समय हो चुका है लेकिन जिला पंचायत द्वारा आज दिनांक तक किसी तरह की कोई कार्यवाही नहीं की गई। अब जब मीडिया के माध्यम से सबकी सच्चाई सामने आ चुकी है तो अब ग्राम की सरपंच और पंच तथा उपसरपंच यह पत्र लिख रहे हैं कि सचिव निर्दोष है उसके विरूद्ध जो शिकायत की गई थी वह वापिस ले रहे हैं सचिव पर कोई कार्यवाही न की जाये। इस तरह के पत्रों का लिखा जाना स्वमेव यह साबित करता है कि भ्रष्टाचार की यह कहानी कहां तक असर कर रही है जिन्होंने पहले शिकायत की वे अब शिकायत न करने की बात कह रहे हैं अधिकारियों से जांच न करने का निवेदन कर रहे हैं और कार्यवाही न करने की मांग कर रहे हैं यह क्यों किया जा रहा है इसे समझना ज्यादा कठिन नहीं सीधा-सीधा लेन-देन का मामला है जो असर दिखा रहा है।

**वार्षिक उत्सव** | **किडजी प्ले स्कूल में नन्हे-मुन्नों का शानदार प्रदर्शन।**

# हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ वार्षिक उत्सव

*** उमंग, उत्साह और मासूमियत से सजा रहा कार्यक्रम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला






किड्ज़ी प्ले स्कूल, सिविल लाइन्स, मंडला का वार्षिक दिवस समारोह अत्यंत हर्षोल्लास, उल्लास और भव्यता के साथ आयोजित किया गया। इस रंगारंग आयोजन में 2.5 वर्ष से 6 वर्ष तक की आयु के लगभग 360 नन्हे-मुन्ने बच्चों ने बड़े मंच पर आत्मविश्वास के साथ अपनी प्रतिभा का मनमोहक प्रदर्शन किया।किड्ज़ी सिविल लाइन्स मंडला ने इस आयोजन को अत्यंत सुव्यवस्थित और सफल रूप से संपन्न किया।

प्ले-ग्रुप के नन्हे बच्चों ने टेलेटबीज़ एवं कल्चरल कंपास थीम पर रंग-बिरंगे परिधानों में भारत की विविध संस्कृतियों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। वहीं नर्सरी के विद्यार्थियों ने बेबीलीशियस बिट्स, लव इल्यूजन, क्लाइन अराउंड, मशरूम डांस, पेस पॉपर्स, नॉर्दर्न लाइट्स एवं सदर्न रिद्म्स जैसी मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से बचपन की मासूमियत और खुशियों को मंच पर साकार किया।

जूनियर केजी के बच्चों ने अपनी कल्पनाशीलता से परे जाकर आकर्षक जापानी नृत्य प्रस्तुत किया। इसके अतिरिक्त हार्ट डांस, टाइमलेस ट्यून्स, एविएशन डांस एवं अनचेंड सोल जैसी ऊर्जावान प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और तालियों की गूंज से सभागार गूंज उठा।

सीनियर केजी के विद्यार्थियों ने अपनी भावपूर्ण और सशक्त प्रस्तुतियों से पूरे सभागार को भावविभोर कर दिया। शिव स्तुति "रुद्र की लय" पर आधारित नृत्य में बच्चों ने भगवान शिव की ऊर्जा, लय और आशीर्वाद को इतनी सुंदरता से प्रस्तुत किया कि वातावरण भक्तिमय हो उठा। यह प्रस्तुति अध्यात्म और कला का अनुपम संगम रही।

इसके पश्चात "पैलेट ऑफ लव" नृत्य प्रस्तुति में बालिकाओं ने रंगों, ताल और भावों के माध्यम से प्रेम, सौहार्द और सृजनात्मकता को जीवंत किया। वहीं "अलंकार" आधारित नृत्य ने शास्त्रीय सौंदर्य और भावाभिव्यक्ति की भव्य झलक प्रस्तुत की। "हॉन्टेड हिलैरिटी" हॉरर-कॉमेडी प्रस्तुति को दर्शकों ने विशेष रूप से खूब सराहा और आनंद लिया। गणेश वंदना की प्रस्तुति ने पूरे वातावरण को श्रद्धा और सकारात्मक ऊर्जा से भर दिया। वहीं "धर्मेंद्र – एक महान हस्ती जो सदा अमर रहेंगे" पर आधारित प्रस्तुति ने दर्शकों को भावुक कर दिया और खूब तालियाँ बटोरीं।

कार्यक्रम की सबसे प्रभावशाली प्रस्तुति "पितृ छाया" रही, जिसमें दादा, पिता और पुत्र—तीन पीढ़ियों के सशक्त रिश्ते को भावपूर्ण नृत्य के माध्यम से दर्शाया गया। यह प्रस्तुति केवल एक नृत्य नहीं, बल्कि एक जीवंत कविता थी, जिसने यह संदेश दिया कि जब परिवार एकजुट रहता है, तभी जीवन में सच्चा सुख संभव होता है।

## स्कूलों में पानी का पर्याप्त इंतजाम नहीं, रसोईया संगठन पहुंचा जनसुनवाई में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला




रसोइया उत्थान संघ समिति ने जनसुनवाई पहुंचकर जिले के सभी स्कूलों में पानी की समस्या को जल्द खत्म कराने को लेकर मुख्य रूप से आवेदन दिया है। संगठन के संस्थापक पी.डी. खैरवार ने बताया है, कि मध्यान्ह भोजन पकाकर बच्चों को समय पर खिला पाने के लिए बहुतायत स्कूल परिसरों में पानी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। स्कूलों में पानी की समस्या से निजात पाने शुद्ध पानी की सख्त जरूरत है। अधिकतर स्कूलों में नल जल योजना के चलते कनेक्शन लगा तो दिए गए हैं, टंकियां भी रख दी गई हैं पर अधिकतर जगह पानी की सप्लाई बंद है, कहीं पर पानी ही साफ नहीं मिलता। पानी दूर से ढोकर रसोई तक लाना पड़ता है। जिसके कारण समय पर मध्यान्ह भोजन पकाकर बच्चों को खिलाने में भारी परेशानी आती है। अन्य समस्या यह भी बताई गई है, कि जून महीने का मानदेय तीन चार वर्षों का भुगतान नहीं किया गया है। उनको स्कूल मर्ज होने और बच्चों की कम दर्ज संख्या बताकर काम से अलग किया जा रहा है। मध्यान्ह भोजन कार्य के अलावा कुछ स्कूलों में अन्य कार्य कराए जाते हैं। इन समस्याओं का समाधान जल्द किए जाने की मांग की गई है।

आगे बताया गया है,कि मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर रसोईया की नोकरी पक्की किए जाकर बीमा, अवकाश का प्रावधान किए जाने की लंबित मांग को पूरा किए जाने, अत्यंत कम यानी चार हजार मानदेय में परिवार का गुजारा नहीं होता।जिसे बढ़ाकर सम्मानजनक वेतन दिये जाने, हर महीने निर्धारित समय पर मानदेय भुगतान किए जाने की मांग की गई है।

खबर संक्षेप

## दिन के समय शहर में भारी वाहनों की धमाचौकड़ी दे रही बड़े खतरें की ओर संकेत...?

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। महँगी कारों मे घूमने प्राशनिक अधिकारी लाख दावा करें कि शहर की यातायात व्यवस्था मे पूर्वापेक्षा सुधार हो रहा है। लेकिन हकीकत यह है कि यहॉ की यातायात व्यवस्था अराजक है, जिसे पटरी पर लाने की पहले की गयी कवायद बेअसर साबित हुई है? शहर मे वाहनों की अधिकता के बावजूद जन सुरक्षा की जवाबदारी निभाने वाला विभाग अनियंत्रित गति से दिनरात धमाचौकडी करने वाली उन भारी भरकम ट्रकों पर ध्यान नही दे रहा है जो सारेआम सड़कों पर मौत का सायरन बजाकर असुरक्षा का माहौल निर्मित कर शहरवासियों को चिन्ता मे डाल रहे है। जबकि गौर किया जावे तो नगरवासियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुये ही शहर के बाहर से वायपास मार्ग का निर्माण हुआ है। मगर इसके बाद भी बीते हुये कुछ दिनों से देखा जा रहा है कि शहर की मुख्य सड़क यानि की शासकीय चिकित्सायल मार्ग से होते हुये स्टेशन की ओर जाने वाले मार्ग पर जिस तरह बेगाम गित से डम्फर दौड़ते हुये देखे जा रहे है वह निश्चित तौर से एक बड़ी घटना के लिये बुलाबा देते हुये प्रतित होने से नही चूक रहे है? क्योंकि इस मार्ग पर जहां दिन भर भीड भाड का आलम बना रहता है तो दूसरी ओर इसी मार्ग से शहर के शासकीय कार्यालयों सहित स्टेशन के लिये आने जाने वालों की भीड़ देखने मिलती है तो दूसरी ओर शासकीय चिकित्सालय के लिये भी शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में मरीज आना जाना करते है। नगर में वायपास मार्ग का निर्माण होने के बाद भी शहर के अंदर भारी भरकम डम्फरों की धमा चौकड़ी चिंता का विषय बनने से नही चूक रही है? इस तरह शहर की मुख्य सडकों पर धडल्लें से दौड़ रहे भारी भरकम ट्रक चालकों की हिमाकत के सामने लगता है कि यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने का ढोल पीटने वाले बौने साबित हो रहे है, जिसका परिणाम है कि शहर मे आवागमन जोखिम भर होता जा रहा है? समूचें शहर मे ट्रकों का कोलाहल, तेज ध्वनियॉ गूँजने से शहरवासियों के सब्र का बांध टूट रहा है और भारी भरकम ट्रकों का नो एंट्री टाइम निश्चित होने के बाद भी उनका नगर में प्रवेश करना पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सबाल खडे कर रहा है? ज्ञात हो कि कुछ साल पहले नगर में रही तत्कालीन अनुविभागीय अधिकारी सुश्री रंजना पाटने द्वारा नगरवासियों की मांग को ध्यान में रखते हुये सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा शाम 4 बजे से शाम 6 बजे तक नगर में भारी वाहनों के प्रवेश पर निषेध करते हुये स्थाई नो एन्ट्री लागू करने का आदेश पारित करते हुये उसे सुचारू कर दिया गया था जिसके चलते नगर के प्रवेश द्वारा पर नो एन्ट्री संबंधी वोर्ड भी लगे हुये है मगर इसके बाद भी निमयों का पालन न होना चिंता जनक सच्चाई को उजागर करते हुये देखा जा रहा है? वही लोगों का कहना है कि जब जब नगर में भारी वाहनों के प्रवेश को लेकर नो एन्ट्री लागू करते हुए नगर में प्रवेश करने वाले स्थलों पर वोर्ड स्थापित करते हुए समय निश्चित कर दिया गया है, मगर इसके बाद भी नगर धडल्ले से भारी वाहनों का प्रवेश होना पुलिस प्रशासन की उदासीनता का प्रमाण है?मगर प्रशासन द्वारा नगर में लागू की गई नो एन्ट्री की ओर ध्यान ही नही दिया जा रहा है जिसके चलते आम लोगों की जिन्दगी के लिए खतरा बना हुआ है।

## वाहनों में तेज आवाज वाले ध्वनि यंत्रों के उपयोग पर अंकुश लगाने में क्यों सफल नही हो पा रहे

हरिभूमि न्यूज/सालीचौका। शहर से लेकर क्षेत्र की सड़को पर दौड़ने वाले दो पहिया से लेकर चार पहिया वाहनों मे जिस तरह यातायात नियमों को दर किनार करते हुये प्रेशर हार्न का चलन आम नागरिकों के लिये परेशानी का सबब बन रहा है,कान फोडू आवाज वाले इन प्रेशर हार्न से कई बार राह चलते लोग भौचक रह जाते है तथा कभी कभी अपना संतुलन खो देते है,मोटर साईकिल,आटों व अन्य छोटे बड़े वाहनों यहां तक कि ट्रक आदि चार पहिया वाहनों मे इन दिनों तेज आवाज वाले प्रेशर हार्न लगाने का फैशन सा चल पड़ा है।

# खुलेआम हो रहा है मूक पशुओं पर अत्याचार, स्वयं सेवी संस्थाओं के साथ प्रशासन भी बना हुआ है अनजान, निर्धारित मात्रा से अधिक बोझ लादते हुये डंडो की मार झेल रहे






हरिभूमि न्यूज/कौडिया।

अक्सर देखा जाता है कि मूक पशुओं की सेवाओं को लेकर जहां आये दिन स्वयं सेवी सस्थाओं द्वारा उनकी सेवाएं करने के साथ साथ बेहाल पड़े पाये जाने वाले पशुओं की जिन्दगी बचाने के प्रयास करने में पीछे नही रहती है। वही दूसरी ओर प्रशासन द्वारा भी मूक पशुओं के साथ अत्याचार करने वालों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए जब क्षेत्र के पशु बाजारों से लोगों द्वारा इन मूक पशुओं को जबरन वाहनों में भरकर कूरूरता पूर्वक ले जाया जाता है तो पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए उन्हें जेल भेजा जाता है जिसकी लोगों द्वारा काफी सराहना की जाती है। मगर सबाल यहां पैदा होने से नही चूक पाता है जब क्षेत्र में दूसरे प्रांतों से आये हुये लोगों द्वारा क्षेत्र की शुगर मिलों में खुलेआम मूक पशुओं पर निर्धारित मात्रा से भी अधिक बोझ डालते हुये उन्हें डंडों से पीटते के साथ मूक पशुओं को कूरूरता पूर्वक व्यवहार करते हुये देखा जा रहा है तो फिर प्रशासन इस सच्चाई को क्यों नजर अंदाज करने लगता है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय क्षेत्र में खुलेआम देखने मिल रही है। बताया जाता है कि दूसरे प्रांत से आये हुये लोगों द्वारा इस समय क्षेत्र में संचालित होने वाली शुगर मिलों के लिये गन्ना ढुलाई का कार्य जिस प्रकार से बैलगाड़ी से किया जा रहा है उन लोगों द्वारा खुलेआम पशुओं पर निर्धारित मात्रा से भी अधिक बोझ डालते हुये जिस तरह डंडों से पीटा जा रहा है उससे निश्चित ही इस दृश्य को देखने वालों की आंखों में आंसू आने से नही चूक पाते है? यदि सच्चाई पर नजर डाली जावे तो इस समय क्षेत्र की अनेक शुगर मिलों में दूसरे प्रांतों से गन्ना ढोने के लिये बैलगाड़ी लेकर आये हुये लोगों द्वारा अपने स्वार्थ को ध्यान में रखते हुये किसानों के खेतों में पहुंचकर गन्ने की कटाई करने के बाद उन्हें बैल गाड़ियों के माध्यम से शुगर मिलो तक पहुंचाने के लिये जिस तरह से निर्धारित मात्रा से भी कई गुना गन्ना भरने के बाद जब उन्हें ले जाया जाता है कि इन गाड़यिों में निभे हुये बैलों की स्थिति इस प्रकार से होती है कि वह अधिक भार के चलते सांस लेने की बात तो दूर सीधे तौर पर चल तक नही पाते है। इस स्थिति में जिस प्रकार से गाड़ी मालिको द्वारा इन मूक पशु यानि की बैलों में डंडों की बौछार की जाती है उस सच्चाई को देखते हुये निश्चित ही आमलोगो की आंखे नम होने से नही चूक पाती है। क्योंकि इन गाड़ियों में भरे जाने वाले भार की स्थिति यहां तक देखने मिलती है कि जब गन्ने से भरी हुई गाड़ी को बैल खीचने में सफल नही होते है तो उस गाड़ी को ट्रेक्टर से टोचन करते हुये खिचने से भी नही चूकते है। इस स्थिति को देखकर यह अनुमान आसानी से लगाया जा सकता है कि बैलों को क्या पीड़ा झेलने के लिये मजबूर होना पड़ता होगा। वही गौर किया जावे तो यह सच्चाई शायद किसी से छिपी नही होगी। मगर इसके बाद भी जहा प्रशासन इस सच्चाई को नजर अंदाज करते हुये देखा जा रहा तो दूसरी ओर पशु प्रेमी संस्थाओं की चुप्पी भी समझ से परे जान पड़ने से नही चूक पा रही है? जिसके चलते इस प्रकार से पशुओं पर कूरूरता करने वालों के हौसले बुलंद होते हुये दिखाई दे रहे है। इतना ही नही क्षेत्र में अनेक जगहों पर तो स्थिति इस प्रकार से देखने मिल रही है कि गन्ना से भरी हुई इन गाड़यिों में जहां मनमाने तौर पर गन्ना तो भरा ही जाता है साथ ही गन्ने से लदी हुई उसी गाड़ी पर दो दो तीन तीन लोग बैठते हुये सबारी करते हुये भी आसानी से देखे जा सकते है? इस तरह निर्धारित मात्रा से अधिक भरे हुये गन्ने के बाद गन्ने की गाड़ी के ऊपर बैठे हुये लोगों का भार और अधिक बढ़ जाने के बाद जब उस गाड़ी में बैलों को नेह कर जोता जाता है कि इन बेजुबान मूक पशुओं की मानों आफत ही आ जाती है? वही दिन भर जोतने के बाद इन मूक पशुओं के मालिकों द्वारा इस समय पड़ रही ठंड में रात के समय जहां उन्हें खुले मैदान में बांधते हुए खाने के नाम पर मात्र गन्ना की कटाई के दौरान निकालने वाले कट्टउआ ही दिये जाते है जो बेचारे बेजुबान भूख की तड़प के चलते चुपचाप खाने के लिए मजबूर होकर दूसरे दिन फिर अपने मालिकों की कमाई के लिए तैयार होकर भारी भरकम गाड़ियों को जोतने के लिये खड़े दिखाई देने लगते है। मगर इस ओर न तो समाज सेवी संस्थाओं द्वारा ध्यान दिया जा रहा है और न ही शासन प्रशासन द्वारा जिसके चलते क्षेत्र में मूक पशुओं पर चल रही अत्याचार की लीला के नजरे जहां तहां दिखाई पड़ रहे है। इतना ही नही यदि इस समय खेतों में चल रही गन्ना कटाई के दौरान नजर दौड़ाई जावे तो बाहर से आये हुए लोगों के साथ वह मासूम नाबांलिग बच्चे भी गन्ना के खेतों में नजर आ रहे है जिनकी उम्र खेतों में काम करने की न होने के बाद भी उन्हें खेतों नियम के विपरित काम कराया जा रहा है। जबकि सच्चाई पर गौर किया जावे तो जहां सरकार द्वारा बच्चों की पढ़ाई हेतु अनेक प्रकार के अभियान चलाते हुए स्कूल पहुंचाने की बात की जा रही है जिसके चलते शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिये करोड़ो रूपया खर्च करने में कोई कसर नही छोड़ रहे है। मगर इस समय न तो वह अधिकारी नजर आ रहे है कि जो इन बच्चों के भविष्य की चिंता हेतु प्रति माह हजारों रूपया की सेलरी प्राप्त करते हुए एयर कन्डीशन गाडियों में घूमते हुए देखे जाते है और न ही वह पुलिस प्रशासन के अधिकारी नजर आ रहे है जो मूक पशुओं पर हो रहे अत्याचार पर कोई कार्यवाही कर सके? जिसके चलते इस समय क्षेत्र की अनेक शुगर मिलों में खुलेआम मूक पशुओं पर अत्याचार के साथ साथ मासूम नाबांलिगों का शोषण होने से नही चूक रहा है? जबकि देखा जावे तो क्षेत्र की संचालित होने वाली शुगर मिलों में इस प्रकार के संचालक शामिल है जो आये दिन समाज सेवा के नाम पर शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों की सेवा करने की दुहाई देते हुए मासूमों का भविष्य संभारने की बात करने के साथ साथ मूक पशुओं के प्रति अपनी हमदर्दी जताने से नही चूकते है, मगर इस समय जिस तरह से क्षेत्र की शुगर मिलों में मूक पशुओं पर हो रहे अत्याचार के दौरान उनकी चुप्पी सच्चाई को उजागर करने से नही चूक पा रही है।

## क्षेत्र में लगातार हो रही अवैध रूप से पशुओं की तस्करी प्रशासन मौन



हरिभूमि न्यूज/सांईखेडा।

इस समय ग्रामीण क्षेत्रों में देखा जा रहा है कि आस पास के कस्वा क्षेत्रों में लगने वाले साप्ताहिक मवेशी बाजारों के माध्यम से खुलेआम पशुओं की तस्करी होने की चर्चा आम होती जा रही है, जिसमें बताया जा रहा है कि क्षेत्र में लगने वाले इस मवेशी बाजार में सैकड़ो की संख्या में पशु बिक्री के लिये आते जो कुछ ऐंसे भी पशु होते हैं जिसमें प्रमुख रूप से बैल जो कृषि योग्य नहीं होते व गायें जो दूध देना बंद कर देती हैं उन्हें कुछ दलालनुमा व्यक्ति ऐंसे पशुओं को दलाल कसाईयों को दोगुनी कीमत के माध्यम से पशु मालिकों से खरीदवा देते हैं और पशु मालिक भी थोड़े से पैसों के लालच में जिन्दगी भर घी दूध देने वाली गायों व गर्मी धूप व बरसात के मौसम में मेहनत कर कमाई खिलाने वाले बैलों को इन कसाईयों के हवाले कर देते हैं। जनचर्चाओं में तो यह तक बताया जाता है कि बाजार के दिन बाहर से आने वाले इन कसाईयों के कुछ दलाल गाँव गाँव घूमकर इस प्रकार के बूढ़े पशुओं की खोज करते हुये पशु मालिकों को उन्हें बेचने के लिये उकसाते हुये देखा जा सकता हैं और इन दलालों की बातों में आकर पशु मालिकों का भी लोभ लग जाता है और यह बाजारों में उन पशुओं को लाते हैं और दलालों के माध्यम से बाजार के बाहर ही पशुओं को बेच कर चले जाते हैं जिसका जीता जागता उदाहरण विगत वर्षो में सांईखेड़ा, चीचली व गाडरवारा थाने के अंतर्गत अवैद्य रूप से पशु ले जाने वालों को पकड़कर पुलिस ने सिद्ध कर दिया था। मगर वर्तमान समय में पुलिस की सुस्त कार्यप्रणाली कही जावे या फिर इस तरह पशुओं पर अत्याचार करने वालों के ऊपर प्रभावशालियों का हाथ होने के चलते इस प्रकार के पशु तस्कारों के हौसले बुलंद नजर आ रहे है? इस समय देखा जा रहा है कि क्षेत्र में लगने वाले साप्ताहिक पशु बाजारों के दिन सड़कों व कूररूता पूर्वक पशुओं को भरकर ले जाने वाले गाड़यिों की लम्बी लाईने देखने मिल रही है। गौर किया जावे तो इसके बाद भी किसी भी प्रकार की कार्यवाही न होना जहां चिंता का विषय बना हुआ है। वही दूसरी ओर शासन प्रशासन को इस प्रकार के दलालों के माध्यम से हो रही तस्करी पर रोक लगाई जानी चाहिये, आमजन द्वारा तो यह तक आरोप लगाया जाता है कि इस प्रकार के पशुओं की खरीदी कर ट्रकों के माध्यम से प्रशासन के अधिकारियों की ही मिली भगत से बाहर ले जाया जाता है? यह बात कहा तक सत्य है इसे तो भगवान ही जाने? मगर पशुओं की लगातार हो रही तस्करी से पुलिस की कार्य प्रणाली पर प्रश्न चिन्ह लगते हुए नजर आ रहा है।

## जन्म दिन के अवसर पर बंदूक से हर्ष फायर करना पड़ा महंगा, पुलिस ने किया मामला दर्ज




हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।

मोबाईल की दुनियाँ में खोते चले जा रहे युवकों से लेकर किशोरों के लिये यह परेशानी में डालने से नही चूकती है। अक्सर देखा जाता है कि युवा किसी धार्मिक कार्यक्रम हो या फिर सामाजिक व परिवार के बीच आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रील बनाते हुये सोशल मीडिया पर अपना रूतवा दिखाने या फिर वाही वाही लूटने की सोच के चलते वायरल करने से नही चूकते है। इस तरह बनाई गई रील वायरल करने के पहले वह इस बात को भूल जाते है कि आयोजन के दौरान किये जाने वाले कृत्य जहां अपराध की श्रेणी में आता है और उनके द्वारा वायरल की गई रील खुद उनके लिये ही परेशानी का कारण बनने से नही चूकेगी..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिनों समीपस्थ चीचली थाना के अंतर्गत आने वाले ग्राम आंडेगांव खुर्द में देखने मिली है जहां पर जन्म दिन की पार्टी के बीच एक युवक द्वारा खुशी के बीच बंदूक से हवा में दनाधन किये गये फायर अब उसके लिये परेशानी का कारण बनते हुये दिखाई देने से नही चूक रहे है। क्योंकि किसी भी आयोजन में खुशी के दौरान बंदूक से फायरिंग करना जहां अपराध की श्रेणी में माना जाता है। इसी के चलते वायरल विडियों के आधार पर पुलिस द्वारा इस मामले को भी गंभीरता से लेकर कार्यवाही शुरू कर दी गई है। इस संबंध में गाडरवारा उप पुलिस अधीक्षक द्वारा अपनी जानकारी में बताया है कि हमारे संज्ञान में आया था कि समीपस्थ चीचली पुलिस थाने के अंतर्गत आने वाले ग्राम आंडेगांव खुर्द में आयोजित जन्म दिन की पार्टी के दौरान एक युवक द्वारा खुलेआम हर्ष फायर करते हुये रील बनाकर उसको सोशल मीडिया पर वायरल किया गया है। इस सच्चाई की जानकारी जिला पुलिस अधीक्षक को मिलते ही उन्होंने मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुये आरोपी के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश जारी किये गये जाने के चलते चीचली पुलिस द्वारा अपनी ओर से कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

## कक्षा बारहवीं के छात्र छात्राओं ने शांतिपूर्वक दिया अपना पहला पेपर, परीक्षा केन्द्रों पर देखने मिली कड़ी निगरानी





हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।

मंगलवार से माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 12 वीं की बोर्ड परीक्षा अंग्रेजी विषय क़े प्रश्न पत्र के साथ शुरू होने के चलते क्षेत्र क़े विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर सख्त निगरानी के बीच बच्चों को परीक्षा देते हुये देखा गया। बताया जाता है कि जिला कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन में प्रारंभ हुई इस परीक्षा मे सुबह 9 बजे से 12 बजे तक की पाली मे छात्र छात्राओं ने अपने अपने केन्द्रो पर समय पर पहुंचकर परचा हल किया। परीक्षा शुरू होने क़े पूर्व थानो से कलेक्टर प्रतिनिधियों की मौजूदगी मे सीलबंद प्रश्न पत्रों को परीक्षा केंद्रों तक शासन के निमयों का पालन करते हुये ले जाया गया जिन्हे सीधे परीक्षा केंद्रों क़े कमरों मे पेपर शुरू होने क़े 5 मिनिट पूर्व पर्यवेक्षको ने छात्र छात्राओ को वितरित किये। परीक्षा शुभारंभ के पहले दिवस मंगलवार को नगर क़े परीक्षा केंद्र शासकीय कन्या उ मा शाला मे 188 मे से 188 तथा परीक्षा केन्द्र शासकीय आदर्श उ मा विद्यालय मे 216 मे से 213 व परीक्षा केन्द्र बीटीआई स्कूल मे कुल 307 मे से 307 एवं परीक्षा केन्द्र कन्या नवीन उ मा विद्यालय मे कुल 325 मे से 325 परीक्षार्थियों ने उपस्थित होकर अपनी परीक्षा का पहला पेपर दिया। इसी प्रकार साईंखेड़ा के सांदीपनी विद्यालय के परीक्षा केंद्र पर 487 में से 483 तथा उत्कृष्ट विद्यालय चीचली में 317 में से 317 के आवला परीक्षा केन्द्र ग्राम सूखाखेरी में 78 में से 77 तो ग्राम रायपुर परीक्षा केन्द्र पर 43 में से 43 व परीक्षा केन्द्र तेंदूखेड़ा छोटा में 67 में से 67 वही परीक्षा केन्द्र बारहाबड़ा में 40 में से 40 छात्र छात्राओं ने परीक्षा दी। नगर परिषद सालीचौका के शा बालक उ मा विद्यालय में स्थापित किये गये परीक्षा केंद्र पर 98 में से 97 एवं शा कन्या उ मा विद्यालय केंद्र पर 148 में 148 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। क्षेत्र के आमगांव छोटा, नांदनेर, बनवारी, तूमड़ा, बम्होंरी कला, पलोहा बड़ा, आड़ेगांव, कठोतिया, कौडिया, बोहानी आदि केन्द्रो पर भी द्यिार्थियों ने परीक्षा में उत्साह पूर्वक सहभागिता की। यहाँ उल्लेखनीय हैं कि परीक्षा क़े लिए छात्र छात्राओं को सुबह 8:30 बजे परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होने क़े निर्देश दिए गये थे। परीक्षा केंद्रों पर केंद्र अध्यक्ष सहित शिक्षकों ने परीक्षा से जुड़े निर्देश विद्यार्थियों को दिये गये। वही परीक्षा क़े पहले दिन तहसीलदार प्रियंका नेताम एवं सहायक संचालक सुश्री सीमा डोंगरे, प्राचार्य सुनीता पटैल, बीआरसी संदीप स्थापक एवं शिक्षक भागीरथ प्रसाद के उड़न दस्ते ने नगर क़े परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी एवं आवश्यक निर्देश दिए। शुरुआती दिन किसी भी परीक्षार्थी का नकल प्रकरण दर्ज नहीं हुआ। परीक्षा क़े पहले दिन ग्राम बनवारी के केंद्र से परीक्षा देकर निकल रही छात्रा तनुश्री बसेड़यिा ने बताया कि अंग्रेजी का पेपर पूर्णरूप से संतोष जनक रहा और हल करने में किसी भी प्रकार से कोई परेशानी नही हुई। इसी प्रकार से अन्य एक छात्रा सृष्टि श्रीवास्तव का कहना था कि परीक्षा की तैयारी हम लोगो ने बेहतर ढंग से की थी उसी अनुरूप प्रश्न आये थे। बीटीआई स्कूल से परीक्षा देकर निकल रहे छात्र देवांश ठाकुर ने बताया कि अंग्रेजी विषय का प्रश्न पत्र में सरल एवं कठिन प्रश्नों का अच्छा समावेश था। पहले सरल प्रश्नों को हल किया उसके बाद कठिन प्रश्न हल किये और हमारा पेपर पूर्णरूप से संतोषजनक गया है।

## दिव्यांग विद्यार्थियों को सहायक उपकरणों का किया वितरण, शिक्षा की राह होगी आसान




हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।


समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत विगत दिवस विकास खंड चीचली के जनपद शिक्षा केंद्र में शासकीय विद्यालयों में अध्यनरत कक्षा पहली से आठवीं तक के दिव्यांग विद्यार्थियों को सहायक उपकरणों का वितरण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन शिक्षा विभाग एवं सामाजिक न्याय विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसमें चिन्हित दिव्यांग विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को उनकी आवश्यकता के अनुसार व्हील चेयर, श्रवण यंत्र, ट्राईसाइकिल, कैलिपर, टीएलएम किट, बैसाखी, लेखन सहायता उपकरण एवं दृष्टि बाधित विद्यार्थियों के लिए विशेष शिक्षण सामग्री ब्रेल किट प्रदान की गई। बताया जाता है कि इन उपकरणों से दिव्यांग विद्यार्थियों को विद्यालय आने-जाने तथा अध्ययन में आत्मनिर्भर बनने में सहायता मिलेगी। कार्यक्रम में आगंतुक अतिथि जनपद पंचायत चीचली की अध्यक्षा राधाबाई अहिरवार, उपाध्यक्ष मनीष कौरव तथा पूर्व जनपद अध्यक्ष मुकेश मरैया ने अपने उद्बोधन में कहा कि दिव्यांग विद्यार्थी किसी से कम नहीं हैं। उन्हें केवल सही साधन और अवसर की आवश्यकता होती है। सरकार का उद्देश्य है कि कोई भी बच्चा शारीरिक असमर्थता के कारण शिक्षा से वंचित न रहे। आज एलमिको के सहयोग से दिव्यांग विद्यार्थियों को जो उपकरण प्रदान किया जा रहे हैं वह बहुत ही गुणवत्तापूर्ण तथा महंगे उपकरण है इनका उपयोग करने का तरीका तथा समय-समय पर रख रखाव होना जरूरी रहता है। यह विद्यार्थियों के अभिभावकों तथा शिक्षकों की सामूहिक जिम्मेदारी है। विकास खंड स्त्रोत समन्वयक डी के पटैल तथा एपीसी अंजू शर्मा ने बताया कि चिन्हांकित दिव्यांग विद्यार्थियों का पूर्व में परीक्षण कर सूची तैयार की गई थी। जिसके आधार पर उपकरण वितरित किए गए हैं। भविष्य में भी आवश्यकतानुसार अतिरिक्त उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पालक अपने दिव्यांग विद्यार्थियों को नियमित विद्यालय में उपस्थित कराएं एवं घर पर भी दिव्यांग विद्यार्थियों को विभिन्न क्रियाकलापों अध्ययन अध्यापन में संलग्न रखें। कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों ने सरकार एवं प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन सहायक उपकरणों से बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे सामान्य विद्यार्थियों के साथ शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। इस कार्यक्रम में एलमिको टीम से कृष्णा मौर्य, महेंद्र यादव, अरुण यादव, बीएससी अरुण दुबे प्रभारी एम आर सी अजय नामदेव, एमआईएस कोऑर्डिनेटर दीपक श्रीवास्तव, सीएसी संजय कुमार सोनी, खुशबू ब्रिजपुरिया, सत्यम ताम्रकार, सुनील सोनी, दिनेश चौरसिया, हेमंत नामदेव, अशोक शर्मा, कैलाश कहार मौजूद रहे।

## नगर में जहां तहां विक्रय हो रही मांस मछली के अवैध कारोबार के चलते नगर में फैल रही गंदगी

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। भले ही नगर पालिका द्वारा मांस मछली विक्रय करने के लिये जगह निर्धारित की गई है। मगर इसके बाद भी लोगों द्वारा नगर में जहां तहां खुलेआम मांस मछली का विक्रय करते हुये देखा जा रहा है जिसके चलते नगर का वातावरण तो प्रदूषित हो ही रहा है साथ ही साथ लोगों की धार्मिक भावनाओं को भी ठेंस पहुंचने से नही चूक रही है? इस प्रकार से मांस मछली विक्रय करने वालो की मनमानी पर अंकुश न लग पाना नपा प्रशासन की उदासीन कार्य प्रणाली सहित पुलिस प्रशासन की उदासीनता को भी उजागर करने से नही चूक रही है? जिसके चलते इस प्रकार से नगर में धडल्ले से जहां तहां हो रहे मांस मछली के विक्रय से नगर में गंदगी फैलने के साथ साथ लोगों की धार्मिक भावनाओं को ठेंस पहुंचने से भी नही चूक रही है? क्योंकि इस प्रकार से मांस मछली सहित अंडे का व्यापार करने वाले लोगों द्वारा न तो नगर के मंदिरों का ध्यान रखा जा रहा है और न ही शिक्षण संस्थाओं का जिसके चलते लोगों में इस प्रकार से खुलेआम बिक रहे मांस मछली के विक्रय को लेकर आक्रोश देखने मिल रहा है? इस प्रकार से धडल्ले से विक्रय होने वाले मांस मछली की सच्चाई इस समय नगर की पानी टंकी सहित सहित अन्य स्थानों पर देखने मिल रही है। बताया जाता है कि पानी टंकी के पास जहां नगर का एक मात्र गायत्री मंदिर स्थित है वही हनुमान मंदिर के साथ साथ शिक्षण संस्था भी स्थापित है, मगर इसके बाद भी यहां पर प्रतिदिन शाम के वक्त जहां खुलेआम मछली विक्रय होते हुये देखी जा रही है वही अनेक मांस की दुकाने भी संचालित हो रही है, इस स्थिति में जब कोई व्यक्ति मंदिर जाता है तो उसे सबसे पहले इस प्रकार से विक्रय होने वाली मांस व मछली पर नजर पड़ते हुये उसकी धार्मिक भावना को ठेस पहुंच रही है।

## खबर संक्षेप

### संजय निकुंज देवरी में खिले रंग-बिरंगे गुलाब के फूल



अमरपुर। जनपद पंचायत अमरपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम देवरी में उद्यान विभाग का लगभग 10 एकड़ भूमि पर नर्सरी स्थापित हैं। जहां पर वर्तमान समय में गुलाब के अनेक प्रजाति के फूल खिले हुए हैं। जोकि आगंतुकों का मन मोह रहे हैं। जहां आम, अमरूद, नींबू एवं नाशपाती का वृहद बगीचा तैयार किया गया हैं। कर्मचारियों की जानकारी अनुसार आम, अमरूद, नींबू और नाशपाती मौसम में बाजार में विक्रय किए जाते हैं। इसके साथ ही भीमसेन ठाकुर द्वारा गुलाब के अनेक रंग-बिरंगे फूलों के वडिंग कर पौधे तैयार किए जाते हैं। जोकि बाजार में विक्रय भी किए जाते हैं। इसके अलावा अन्य प्रजाति के पौधे भी बृहद मात्रा में तैयार किए गए हैं। परन्तु विभाग द्वारा प्रचार प्रसार नहीं किए जाने से उद्यान विभाग की योजनाओं की जानकारी आम लोगों और किसानों को नहीं हो पा रहा हैं।

### अवैध खनन व भंडारण पर खनिज विभाग की कार्रवाई




डिंडौरी। कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन में खनिज विभाग की टीम द्वारा ग्राम सिमरिया में स्वीकृत उत्खनन पट्टे की जांच की गई। यह पट्टा जयसिंह राठौर के नाम स्वीकृत है। जांच के दौरान उत्खनन क्षेत्र में कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं।जांच में पाया गया कि स्वीकृत उत्खनन क्षेत्र में आवश्यक जानकारी दर्शाने वाला सूचना पटल नहीं लगाया गया था। इसके अलावा खदान की सीमा पर तार फेंसिंग नहीं की गई थी तथा स्वीकृत क्षेत्र की सीमा दर्शाने वाले मुनारे निर्धारित मानकों के अनुरूप संधारित नहीं पाए गए।खनिज विभाग की जांच में यह भी सामने आया कि स्वीकृत क्षेत्र से बाहर अवैध रूप से खनन किया जा रहा था। इस पर जयसिंह राठौर निवासी ग्राम सिमरिया, तहसील डिंडौरी के विरुद्ध अवैध उत्खनन का प्रकरण दर्ज किया गया है। साथ ही स्वीकृत क्षेत्र के बाहर बिना अनुमति पत्थर एवं बोल्डर का भंडारण किए जाने के कारण अवैध भंडारण का पृथक प्रकरण भी तैयार किया गया है।

### बिना हेलमेट पेट्रोल पर सख्ती, जैन पेट्रोल पंप का निरीक्षण



डिंडौरी। कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन में जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल न देने के निर्देश जारी किए गए हैं।इसी क्रम में तहसीलदार डिंडौरी रामप्रसाद मार्को द्वारा यातायात पुलिस बल, पटवारी बलीराम एवं अन्य स्टाफ के साथ जैन पेट्रोल पंप का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बिना हेलमेट पहुंचे कुछ बाइक सवारों को पेट्रोल देने से रोका गया।इस अवसर पर पेट्रोल पंप संचालक को सख्त निर्देश दिए गए कि बिना हेलमेट किसी भी स्थिति में पेट्रोल न दिया जाए तथा शासन के निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। निर्देशों की अवहेलना किए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई किए जाने की चेतावनी भी दी गई।प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे स्वयं की सुरक्षा हेतु अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनें तथा यातायात नियमों का पालन करें।

### सहायक आयुक्त ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण



डिंडौरी। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा 12वीं की अंग्रेजी विषय की परीक्षा मंगलवार को जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। इसी क्रम में जनजातीय कार्य विभाग के सहायक आयुक्त श्री राजेंद्र कुमार जाटव द्वारा जिले के कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया।सहायक आयुक्त ने परीक्षा केंद्र क्रमांक 751044 उमावि रयपुरा, 751026 कन्या उमावि किसलपुरी, 751024 उमावि सक्का, 751001 उत्कृष्ट विद्यालय डिंडौरी तथा कन्या कस्तूरबा विद्यालय डिंडौरी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी केंद्रों पर बैठक व्यवस्था संतोषजनक पाई गई एवं परीक्षा संचालन शांतिपूर्ण रहा।

# शिकायतों पर कार्रवाई न होने से भड़के पीड़ित, धरने की चेतावनी

शहपुरा नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के पीड़ित आदिवासी और सामान्य नागरिकों ने पूर्व में की गई गंभीर शिकायतों पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने को लेकर प्रशासन के प्रति नाराजगी जताई है।






शहपुरा

पीड़ितों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो वे एसडीएम कार्यालय शहपुरा के समक्ष अनिश्चितकालीन, शांतिपूर्ण एवं अहिंसक धरना प्रदर्शन शुरू करेंगे।पीड़ितों के अनुसार, उन्होंने दिनांक 19 दिसंबर 2025 एवं 20 जनवरी 2026 को प्रशासन के समक्ष गंभीर प्रकृति की शिकायतें प्रस्तुत की थीं, जिन पर तत्काल कार्रवाई का आश्वासन भी दिया गया था। बावजूद इसके आज दिनांक तक किसी भी प्रकार की ठोस, प्रभावी अथवा वैधानिक कार्रवाई नहीं की गई, जिससे पीड़ितों में आक्रोश व्याप्त है। लगातार प्रशासनिक उदासीनता और टालमटोल से पीड़ितों को मानसिक, सामाजिक और आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना है कि इससे आम नागरिकों का प्रशासन एवं व्यवस्था पर विश्वास कमजोर होता जा रहा है।इसी क्रम में समस्त पीड़ितों द्वारा अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं से अवगत कराया गया। इस दौरान एसडीएम ऐश्वर्य वर्मा ने पीड़ितों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा पूरे मामले की जांच कर उचित एवं नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया।

पीड़ितों ने ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन के समक्ष स्पष्ट मांग रखी है कि- समस्याओं को व्यक्तिगत रूप से सुनकर उनका तत्काल, समयबद्ध एवं न्यायोचित निराकरण किया जाए।प्रकरण में संलिप्त दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध तत्काल प्रभाव से एफआईआर दर्ज करने के निर्देश संबंधित थाना को दिए जाएं।अवैध, संदिग्ध एवं छल-कपट से की गई सभी रजिस्ट्रियों की कानूनी जांच कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।पीड़ितों ने स्पष्ट किया है कि वे कानून का सम्मान करने वाले, शांतिप्रिय एवं लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास रखने वाले नागरिक हैं और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न करना उनका उद्देश्य नहीं है। लेकिन बार-बार आश्वासन के बावजूद न्याय न मिलने की स्थिति में लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करना उनकी मजबूरी बन गया है। पीड़ितों ने यह भी चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र एवं ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो वे अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन जारी रखने को बाध्य होंगे, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# डिंडोरी के दो आदिवासी युवा फिल्मकारों की फिल्मों ने फिल्म फेस्टिवल तक बनाई पहचान

डिंडोरी।



डिंडोरी जिले के सुदूर आदिवासी अंचल से निकलकर दो युवा फिल्मकारों ने वह उपलब्धि हासिल की है, जिसने पूरे जिले को गौरवान्वित किया है। जिले के ग्राम चिचरिंगपुर निवासी सतपाल सत्या परधान और सुंदरपुर (समनापुर) की उमा वलाड़ी की डॉक्यूमेंट्री फिल्मों का चयन प्रतिष्ठित 'द भोपाल फिल्म फेस्टिवल' के फाइनल शो के लिए किया गया है। यह पहली बार है जब डिंडोरी जिले के आदिवासी युवाओं की फिल्में किसी बड़े फिल्म फेस्टिवल के अंतिम चरण तक पहुंची हैं।सतपाल सत्या परधान की पहली डॉक्यूमेंट्री फिल्म "GUDUM – A Folk Drum" (गुदुम – ए फोक ड्रम) आदिवासी अंचल की पारंपरिक लोक वाद्य संस्कृति पर आधारित है, जो वहां के समाज, संघर्ष, पहचान और आत्मसम्मान की भावनाओं को सशक्त रूप से प्रस्तुत करती है। वहीं डिंडोरी की महिला डॉक्यूमेंट्री फिल्ममेकर उमा वलाड़ी की फिल्म "Gond Chitrakala" (गोंड चित्रकला) गोंड समुदाय की पारंपरिक कला और सांस्कृतिक विरासत को दर्शाती है।

सीमित संसाधनों और कठिन परिस्थितियों के बावजूद दोनों युवा फिल्मकारों ने अपने सपनों को साकार किया। ग्राम चिचरिंगपुर जैसे क्षेत्र में, जहां आज भी नेटवर्क और तकनीकी सुविधाओं का अभाव है, वहां रहकर फिल्म निर्माण जैसे क्षेत्र में कदम रखना चुनौतीपूर्ण रहा। इसके बावजूद सत्या परधान ने निरंतर मेहनत और लगन के साथ अपनी पहचान बनाई। वहीं उमा वलाड़ी का कहना है कि महिला फिल्मकार के रूप में काम करना अपने आप में एक बड़ी चुनौती है, लेकिन उद्देश्य स्पष्ट हो तो रास्ते निकल ही आते हैं।सत्या परधान ने सोशल मीडिया को अपनी अभिव्यक्ति का माध्यम बनाया। इंस्टाग्राम पेज @dindori_trend के जरिए वे डिंडोरी जिले की लोक संस्कृति, परंपराएं, जीवनशैली और अनसुनी कहानियों को रील्स व शॉर्ट फिल्मों के माध्यम से लोगों तक पहुंचाते रहे, जिसने उन्हें डॉक्यूमेंट्री फिल्म निर्माण के क्षेत्र तक पहुंचाया।सतपाल सत्या परधान का कहना है कि यह उपलब्धि उनके सफर की केवल शुरुआत है। उनका लक्ष्य है कि वे भविष्य में अपनी मिट्टी, संस्कृति और कहानियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचाएं। वहीं उमा वलाड़ी का मानना है कि पारंपरिक ज्ञान और सांस्कृतिक धरोहर को फिल्मों के माध्यम से संरक्षित किया जाना चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ियों तक यह विरासत सुरक्षित रह सके।दोनों युवा फिल्मकारों की यह सफलता न केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि पूरे डिंडोरी जिले और आदिवासी संस्कृति के लिए प्रेरणा और गर्व का विषय मानी जा रही है।




# पंचायत भवन में ताला, कर्मचारी नदारत: ग्रामीण ने एसडीएम से की शिकायत

शहपुरा।

शहपुरा जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायत बिजोरी माल में पंचायत कर्मचारियों की लापरवाही का आरोप लगने वाला मामला सामने आया है। ग्राम निवासी पवन कुमार झारिया ने मंगलवार को एसडीएम कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आवेदन देकर पंचायत कार्यालय में ताला लगने और कर्मचारियों की अनुपस्थिति पर कार्रवाई की मांग की है।आवेदक ने बताया कि वह वृद्धा पेंशन से संबंधित फॉर्म जमा कराने के लिए पंचायत कार्यालय पहुंचे थे, लेकिन कार्यालय बंद मिला और कोई कर्मचारी उपस्थित नहीं था। उन्होंने कहा कि पंचायत भवन में यह समस्या नियमित रूप से बनी रहती है, जिससे ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता और उन्हें कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत कर्मचारी समय पर कार्यालय नहीं आते और कार्यालय बंद रहने से आवेदकों को पुनः आने के लिए मजबूर होना पड़ता है।शिकायत के संज्ञान में लेते हुए एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा ने कहा कि आवेदन प्राप्त हुआ है और इसकी जांच कराई जाएगी। यदि जांच में कर्मचारियों की लापरवाही साबित होती है तो उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।वर्तमान में यह मामला एसडीएम कार्यालय के संज्ञान में है और ग्रामीणों को उम्मीद है कि शीघ्र ही आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा



डिंडौरी।

कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्टर सभाकक्ष में जिले में संचालित विभिन्न निर्माणाधीन कार्यों की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों से योजनावार जानकारी प्राप्त कर कार्यों की वर्तमान स्थिति, गुणवत्ता एवं समयसीमा पर विस्तृत चर्चा की गई।बैठक के दौरान मनरेगा योजना अंतर्गत जिला पंचायत, ग्राम पंचायत, वाटरशेड तथा 15वें वित्त आयोग से संचालित निर्माण कार्यों—आंगनवाड़ी भवन, नवीन जनपद पंचायत भवन, अटल ग्राम सुशासन भवन, जल गंगा संवर्धन कार्य, तालाब निर्माण, मेढ़ तालाब, ग्रेबियन संरचना, पेयजल कूप, स्टॉप डेम, कूप निर्माण एवं मेढ़ बंधान सहित अन्य विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई।

कलेक्टर ने निर्माण कार्यों में कम प्रगति एवं लंबित अपूर्ण कार्यों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित एसडीओ एवं सब इंजीनियरों को निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समयसीमा में पूर्ण कराए जाएं। साथ ही निर्माण कार्यों में लापरवाही एवं असंतोषजनक प्रगति पाए जाने पर संबंधित उपयंत्री एवं सहायक यंत्रियों सहित कुल 36 अधिकारी-कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने, गुणवत्ता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने तथा जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ समय पर पूर्ण कराने के निर्देश दिए, ताकि आमजन को योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके।बैठक में अतिरिक्त सीईओ जिला पंचायत पंकज जैन, एसडीएम बजाग रामबाबू देवांगन सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# कलेक्ट्रेट सभागार में जनसुनवाई, 100 आवेदन प्राप्त; समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश

डिंडौरी।




कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में जिलेभर से आए नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों पर संवेदनशीलता के साथ सुनवाई की गई। जनसुनवाई के दौरान कुल 100 आवेदन प्राप्त हुए, जिन पर कलेक्टर द्वारा संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।जनसुनवाई में ग्राम उदरी के ग्रामीण पेयजल आपूर्ति की समस्या को लेकर उपस्थित हुए। इस पर कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से जानकारी प्राप्त की। विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन अंतर्गत कार्य पूर्ण कर ग्राम पंचायत को संचालन हेतु सौंप दिया गया है। पंचायत स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर कलेक्टर ने अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को पंचायत सचिव एवं सहायक सचिव को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही ग्रामीणों को नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए।

इसी क्रम में ग्राम जाताडोंगरी से पहुंची आवेदक भदिया बाई बैगा ने पारिवारिक एवं आर्थिक समस्या से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि उनके दो छोटे बच्चे हैं, बच्चों के पिता का देहांत हो चुका है तथा वे स्वयं कार्य करने में असमर्थ हैं, जिससे बच्चों के पालन-पोषण में कठिनाई हो रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर ने भारत सरकार की स्पॉन्सरशिप योजना अंतर्गत दोनों बच्चों के भरण-पोषण के लिए 4,000 प्रतिमाह की सहायता स्वीकृत करने के निर्देश दिए। योजना के तहत कार्य करने में असमर्थ एकल अभिभावक को नियमानुसार आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है।जनसुनवाई में अपर कलेक्टर जेपी यादव, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत पंकज जैन, एसडीएम भारती मेरावी, डिप्टी कलेक्टर वैधनाथ वासनिक, डिप्टी कलेक्टर प्रियांशी जैन सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित रहे।




## प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन का वार्षिक सम्मेलन संपन्न

डिंडोरी। प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन जिला शाखा डिंडोरी का वार्षिक सम्मेलन सोमवार को कोणार्क मैरिज गार्डन में हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। सम्मेलन का आयोजन संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष ओमप्रकाश बुधौलिया के मुख्य आतिथ्य एवं पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित वरिष्ठ पेंशनर अर्जुन सिंह की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में लगभग 300 वरिष्ठ पेंशनरों की सहभागिता रही।सम्मेलन में कार्यकारी प्रांताध्यक्ष जगदीश प्रसाद चौबे (दमोह), वरिष्ठ उपप्रांताध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार तिवारी (रीवा), प्रांतीय प्रवक्ता नर बहादुर राजपूत (सागर), संभागीय अध्यक्ष व्ही.पी. शुक्ला (जबलपुर) सहित जबलपुर, मंडला, अनूपपुर जिलों के संगठन पदाधिकारी, लोक सेवा आयोग के पूर्व सदस्य डॉ. देवेंद्र कुमार मरकाम एवं संभागीय उपाध्यक्ष प्रकाश नारायण अवस्थी विशेष रूप से उपस्थित रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ मां नर्मदा के पूजन-अर्चन के साथ हुआ। इसके पश्चात वरिष्ठ पेंशनरों द्वारा नर्मदाष्टक का सामूहिक गायन एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। आयोजन समिति की ओर से मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष सहित सभी अतिथियों का शाल एवं सम्मान-पत्र भेंट कर अभिनंदन किया गया।

# नवांकुर संस्थाओं की मासिक संवाद एवं समीक्षा बैठक संपन्न

डिंडौरी।



मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वावधान में वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए चयनित नवांकुर संस्थाओं की मासिक संवाद एवं समीक्षा बैठक मंगलवार को कृषि विज्ञान केंद्र, डिंडौरी के सभागार में आयोजित की गई।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि वरिष्ठ वैज्ञानिक पी. एल. अंबुलकर एवं तकनीकी सहायक वैज्ञानिक डॉ. रेणु पाठक द्वारा मां भारती एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन कर किया गया।बैठक में जिला समन्वयक धर्मेंद्र चौहान ने संस्थाओं की त्रैमासिक कार्ययोजना के आधार पर किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की तथा आदर्श ग्राम विकास कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित संस्कार केंद्र, जन सूचना केंद्र, वाचनालय, नर्सरी, वाटिका सहित अन्य गतिविधियों के प्रभावी संचालन हेतु आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया।द्वितीय सत्र में संभाग समन्वयक रवि बर्मन ने ऑनलाइन कार्ययोजना के अनुरूप नियोजित गतिविधियों, ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों की सक्रियता, नियमित बैठकों एवं सामुदायिक सहभागिता पर विशेष जोर दिया। इस अवसर पर अक्टूबर से दिसंबर 2025–26 की अवधि के त्रैमासिक कार्यों का प्रस्तुतीकरण भी किया गया।बैठक के दौरान नर्सरी निर्माण, जल संचय अभियान, स्वच्छता गतिविधियों, शासकीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार, सामाजिक कार्यों एवं विभिन्न नवाचार गतिविधियों की जानकारी साझा की गई। कार्यक्रम के अंत में सुशीला ठाकुर द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। बैठक में सभी विकासखंड समन्वयक एवं नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। साथ ही उपस्थितजनों को नशामुक्ति एवं स्वदेशी अपनाने का संकल्प भी दिलाया गया।

## खबर संक्षेप

### नवसृजन पंच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ ग्वारी में आज से

तेंदूखेड़ा मनुष्य में देवत्य के उदय धरती पर स्वर्ग का वातावरण घर घर में संस्कारों के बीजारोपण गांवों की सुख शांति समृद्धि बढ़ाने हेतु दूषित सूक्ष्म स्थूल वातावरण में परिशोधन सद्बुद्धि की उपासना घर घर फैलाने अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार की संस्थापिका वंदनीय भगवती देवी शर्मा एवं अखंड दीप के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में गायत्री महामंत्र से साधनात्मक पुरुषार्थ से सृजनात्मक आंदोलनों को गति देने गांव गांव गायत्री महायज्ञों का आयोजन किया जा रहा है।इसी श्रंखला के चलते समीपस्थ ग्राम ग्वारी में आज 11 फरवरी से 13 फरवरी तक पंच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है जिसमें क्षेत्र के सभी वर्गों के लोगों से पहुंचने की अपील की गई है।

### श्रीमती रामकली बाई जाट नही रहीं



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस समीपी ग्राम मैनावारी निवासी नत्तु सिंह जाट की धर्मपत्नी श्रीमती रामकली बाई जाट का 97 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे पूर्व शिक्षक शिवकुमार जाट, सुरेश जाट, महेश जाट, प्रदीप जाट की माताश्री एवं सिंहपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह जाट की दादी श्री थीं।

### नेत्र जांच शिविर का आयोजन



हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर। गत दिवस जिला चिकित्सालय में मोतियाबिंद जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनीष कुमार मिश्रा एवं सिविल सर्जन डॉ राजकुमार चैधरी के निर्देशन एवं डॉ सुनील पटेल जिला कार्यक्रम प्रबन्धक नेत्र, व्ही के माहौर के मार्गदर्शन में मोतियाबिंद जांच शिविर आयोजित किया गया जिसमें 123 मरीजों का परीक्षण किया गया और 59 हितग्राहियों का चयन मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु कर देवजी नेत्रालय जबलपुर वाहन द्वारा भेजा गया। शिविर में घनश्याम जाटव, सुश्री कंचन प्रजापति नेत्र चिकित्सा सहायक का योगदान रहा।

### जनसुनवाई में आये 105 आवेदन




हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में आवेदकों ने विभिन्न विषयों से संबंधित आवेदन पत्र प्रस्तुत किए। जनसुनवाई में विभिन्न समस्याओं से संबंधित कुल 105 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का तत्काल निराकरण किया।

### देश भक्ति गीतों की दी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। स्वर्णिम भारत फाउंडेशन के तत्वधान में आयोजित स्वदेशी मेले में आनंदम म्यूजिकल ग्रुप नरसिंहपुर की ओर से देशभक्ति एवं फिल्मी गीतों की प्रस्तुति दी गई। इस कार्यकम में आनंदम म्यूजिकल ग्रुप के माधव शिंद्रे ने महादेव के भजन से कार्यकम का श्री गणेश किया। कार्यकम में विजय पटेल, अनिल नेमा, भागीरथ विश्वकर्मा, मुकेश शर्मा, भारती कौरव, मनीषा ठाकुर, गजेंद्र कोष्ठा, विश्वनाथ ठाकुर, सूर्यकांत नेमा एवं रवींद्र जैन के द्वारा मनमोहक गीतों की प्रस्तुति दी।

### किसानों को दी जा रही कृषि तकनीकों व योजनाओं की जानकारी

# किसान कल्याण के तहत चलाया जा रहा कृषि रथ






हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर। राज्य शासन के निर्देशानुसार किसान कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत जिले के सभी 6 विकासखंडों में कृषि रथ का संचालन किया जा रहा है। कृषि रथ के माध्यम से जिले के किसानों को ई-विकास प्रणाली (ई-टोकन उर्वरक वितरण), आधुनिक कृषि यंत्रों, उन्नत एवं वैज्ञानिक खेती पद्धतियों की जानकारी दी जा रही है। कृषि विभाग द्वारा कृषि रथ के माध्यम से किसानों को जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को विकासखंड नरसिंहपुर के अंतर्गत ग्राम देवनगर नया, बकोरी व बचई, विकासखंड गोटेगांव के अंतर्गत ग्राम नेगुवा, उमरिया, भामा और विकासखंड चांवरपाठा के अंतर्गत ग्राम सीहोरा, ठुठी एवं हरई का भ्रमण किया।

#### किसानों को दी जा रही जानकारी

कृषि रथ के माध्यम से किसानों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन, कीट एवं रोग प्रबंधन, कृषि को लाभकारी व्यवसाय के रूप में विकसित करने, फसल विविधीकरण, विभागीय योजनाओं, प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना, ई-विकास प्रणाली अंतर्गत ई-टोकन उर्वरक वितरण व्यवस्था तथा पराली (नरवाई) प्रबंधन की विस्तृत जानकारी दी गई। किसानों को नरवाई प्रबंधन के लिए आधुनिक कृषि यंत्रों जैसे सुपर सीडर, हैप्पी सीडर, जीरो टिलेज सीड कम फर्टिलाइजर ड्रिल, स्ट्रा रीपर एवं रीपर कम बाइंडर की तकनीकी जानकारी भी दी गई। किसानों को बताया गया कि सुपर सीडर एवं हैप्पी सीडर जैसे यंत्र खेत की तैयारी, नरवाई प्रबंधन एवं बोनी जैसे तीन कार्य एक साथ करते हैं, जिससे समय और लागत की बचत होती है तथा उत्पादन में भी वृद्धि होती है।

#### आज इन ग्रामों पहुंचेगी यात्रा

किसानों को यह भी समझाइश दी गई कि नरवाई जलाने से मिट्टी की उर्वरा शक्ति नष्ट होती है एवं वायु प्रदूषण भी फैलता है, जबकि नरवाई को खेत में मिलाकर खाद के रूप में उपयोग करना अधिक लाभकारी एवं पर्यावरण हितैषी है। कार्यक्रम के दौरान कृषि विभाग के अधिकारी, कृषि वैज्ञानिक एवं किसान उपस्थित रहे। कृषि रथ बुधवार को विकासखंड नरसिंहपुर के अंतर्गत ग्राम करहैया बचई, बबरिया, चीलाचोन खुर्द तथा विकासखंड चांवरपाठा के अंतर्गत ग्राम पुरगुवां, चिरचिरा एवं नयागांव का भ्रमण करेगा। कृषि विभाग ने किसानों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कृषि संबंधी आधुनिक तकनीकों, शासकीय योजनाओं एवं कृषि से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी प्राप्त करने के लिए उपस्थिति की अपील की है।

#### कल से मनाया जायेगा राष्ट्रीय उत्पादकता सप्ताह

एमएसएमई क्षेत्र की उत्पादकता एवं प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 12 फरवरी से 18 फरवरी 2026 तक राष्ट्रीय उत्पादकता सप्ताह- 2026 का आयोजन जिलेभर में किया जाएगा। यह आयोजन जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र नरसिंहपुर द्वारा उद्योग संघों के समन्वय से उत्साहपूर्वक संपन्न किया जाएगा। राष्ट्रीय उत्पादकता सप्ताह- 2026 की थीम ष्विकास के इंजन के रूप में क्लस्टर एमएसएमई में उत्पादकता का अधिकतम उपयोग निर्धारित की गई है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एमएसएमई इकाइयों में उत्पादकता एवं प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा देना, क्लस्टर आधारित विकास मॉडल को प्रोत्साहित करना, लागत में कमी लाकर गुणवत्ता में सुधार करना तथा डिजिटल तकनीकों एवं इंडस्ट्री 4.0 को अपनाने के लिए उद्यमियों को प्रेरित करना है। इसके साथ ही स्थानीय रोजगार सृजन को बढ़ावा देने एवं आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने पर विशेष जोर दिया जाएगा। राष्ट्रीय उत्पादकता सप्ताह के दौरान उद्यमियों को उद्यम पंजीयन, पीएमईजीपी, आरएएमपी योजना, एमयूकेवाय सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी एवं मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा।

## कलेक्टर ने किया परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित वार्षिक परीक्षाओं के अंतर्गत मंगलवार को कक्षा 12 वीं के विद्यार्थियों के लिए अंग्रेजी विषय की परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा के सुचारु, निष्पक्ष एवं व्यवस्थित संचालन को सुनिश्चित करने हेतु कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने जिला मुख्यालय नरसिंहपुर के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, नरसिंह पब्लिक स्कूल तथा शासकीय नेहरू हायर सेकेंडरी स्कूल नरसिंहपुर में पहुंचकर परीक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा कक्षों में बैठक व्यवस्था, परीक्षार्थियों की उपस्थिति, सुरक्षा प्रबंधों सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने परीक्षा ड्यूटी में तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा संचालन में पूर्ण पारदर्शिता, अनुशासन एवं निष्पक्षता बनाए रखें तथा यह सुनिश्चित करें कि परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। इसके अतिरिक्त जिले के अन्य परीक्षा केन्द्रों पर भी प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया। उल्लेखनीय है कि हायर सेकेंडरी परीक्षा के लिए जिले में कुल 73 परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे। अंग्रेजी विषय की परीक्षा में कुल 10 हजार 134 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 82 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। परीक्षा के व्यवस्थित एवं सुचारू संचालन के लिए जिले में 9 दल बनाए गए थे, जिसमें 3 दल जिला स्तरीय एवं 6 दल विकासखंड स्तरीय बनाए गए हैं। जबकि नकल का एक भी प्रकरण नहीं बना। परीक्षा जिलेभर में शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।




## प्रेरणा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस जवाहर नवोदय विद्यालय बोहनी में जिला स्तरीय प्रेरणा उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम शुभारंभ दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। प्रेरणा उत्सव भारत के शिक्षा मंत्रालय द्वारा चलाया जाने वाला एक राष्ट्रीय, एक सप्ताह का अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम है जिसमें जिले समस्त हाई और हायर सेकेण्डरी विद्यालयों से चयनित लगभग 50 छात्र छात्राओं ने भाग लिया प्रेरणा उत्सव आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों में प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिसमें छात्र-छात्राओं ने कहानी लेखन कविता निबंध चित्रकला एवं गायन जैसी विधाओं में भाग लियाद्य प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं में से 30 छात्र एवं 30 छात्राएं चयनित की गई जिनका विभिन्न विषयों पर साक्षात्कार लिया गया इसके उपरांत इनमें से जिला स्तर पर चयनित एक छात्र एवं एक छात्र को गुजरात के बड़नगर में 7 दिन तक आयोजित एक विशेष कैंप में भेजा जाएगा। कार्यक्रम का सफल कोऑर्डिनेशन अनुराग और संचालन ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ अरुण कुमार तिवारी एवं विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य और शिक्षक उपस्थित रहे।

## आजीवन सहयोग निधि अभियान को लेकर बैठक सम्पन्न




हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय नरसिंहपुर में भाजपा के पितृ पुरूष पं.दीनदयाल जी की पुण्य तिथि से प्रारंभ होने वाले आजीवन सहयोग निधि व अन्य कार्यक्रमों की तैयारियों हेतु जिला स्तरीय कामकाजी बैठक आयोजित की गई बैठक भाजपा जिलाध्यक्ष रामस्नेही पाठक की अध्यक्षता में व पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटैल, जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति काकोड़िया उपाध्यक्ष अनीता ठाकुर, पूर्व विधायक हाकम सिंह चडार, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अवधेश प्रताप पटैल, आजीवन सहयोग निधि के जिला प्रभारी सुरेन्द्र मोहन नेमा, सह प्रभारी राहुल कौरव, हर्ष पाठक की गरिमामय उपस्थिति में सम्पन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष श्री पाठक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा व कार्यपद्धति अन्य राजनैतिक दलों से भिन्न है पार्टी के आर्थिक स्वाबलंबन हेतु हर वर्ष आजीवन सहयोग निधि अभियान केन्द्रीय नेतृत्व के निर्देश पर सभी जगह चलाया जाता है। इसी क्रम में इस बार भी जिले भर में निधि संचय का कार्य किया जाना है। यह कार्य 11 फरवरी को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि से प्रारंभ होगा। पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटैल ने कहा कि भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनैतिक दल है इस दल को चलाने के लिए पैसे की आवश्यकता होती है, भाजपा एक मात्र ऐसा दल है जो राजनैतिक कार्यक्रमों को चलाने के लिए राजनैतिक सुचिता एवं पारदर्शिता का पालन करती है। इस हेतु पार्टी निधि संचय अभियान के माध्यम से कार्यकर्ताओं के घर जाकर राशि एकत्रित की जाती है इस राशि का उपयोग पार्टी कार्यों में किया जाता है। बैठक की जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी अभिनव शर्मा ने बताया कि बैठक कि बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष राहुल कौरव व आभार हर्ष पाठक द्वारा किया गया।

### नवीन बिहारीजी के मुखारविंद से बहेगी शिव महापुराण की रसधार



गोटेगांव ।ग्राम लांठगांव में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भक्ति की अविरल गंगा बहने वाली है। आगामी 17 फरवरी से 23 फरवरी तक ग्राम की समस्त साहू समाज द्वारा भव्य शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक अनुष्ठान में बुंदेलखंड के सुप्रसिद्ध कथावाचक परम पूज्य नवीन बिहारीजी (सांवरी सरकार गौ पीठ सुर्खी संस्थापक) के मुखारविंद से क्षेत्रवासियों को शिव पुराण का रसपान करने का सौभाग्य प्राप्त होगा। आयोजन समिति ने बताया कि नवीन बिहारीजी का लांठगांव में यह दूसरा आगमन है, जिसे लेकर भक्तों में भारी उत्साह है। कथा का शुभारंभ 17 फरवरी को भव्य कलश यात्रा के साथ होगा, जो संपूर्ण ग्राम का भ्रमण करेगी। इस आयोजन के मुख्य यजमान सुदामा प्रसाद साहू एवं श्रीमती रेखा साहू होंगे। कार्यक्रम की रूपरेखा के अनुसार, प्रतिदिन सुबह 8:00 से 11:00 बजे तक विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे और दोपहर 2:00 बजे से हरि इच्छा तक स्वामी नवीन बिहारीजी के प्रवचन होंगे। कथा का समापन 24 फरवरी को भव्य भंडारा प्रसादी वितरण के साथ किया जाएगा। लांठगांव साहू समाज ने समस्त क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे साहू मोहल्ला स्थित कथा स्थल पर अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ उठाएं और अपने जीवन को भक्तिमय बनाएं। भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए आयोजन समिति द्वारा सुरक्षा एवं बैठक व्यवस्था के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं।

### लक्ष्य प्राप्ति हेतु आप सभी को करना होगी मेहनत - मनीष त्रिपाठी



गोटेगांव। विगत दिवस स्थानीय सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्थित प्रार्थना स्थल में परीक्षा पर चर्चा करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन मुख्यअतिथि एसडीओपी मनीष त्रिपाठी संस्था व्यवस्थापक की गरिमामय उपस्थिति में किया गया, सर्वप्रथम अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मनीष त्रिपाठी व्यवस्थापक राजकुमार जैन प्राचार्य संतोषवेन प्रधानाचार्य नर्मदागुप्ता द्वारा विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती मैयाजी का पूजन अर्चन किए जाने के उपरांत परीक्षा पर चर्चा करते हुए पुलिस अनुविभागीय अधिकारी मनीषत्रिपाठी ने कहाकि सरस्वती विद्यालय में शिक्षा और संस्कार है जिस भाव से सभी तन्मयता से कार्य करेंगे वैसी ऊर्जा और शक्ति आपको प्राप्त होगी सभी भैया बहनों को काम बहुत करते हुए लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आपको मेहनत और अपनी तार्किक शक्ति का प्रदर्शन करना होगा, तत्पश्चात संस्था व्यवस्थापक ने अपने आशीष वचन में भैया बहनों से कहाकि वो अपना लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ें सफलता निश्चित ही कदम चूमेगी, परीक्षा कार्यक्रम का संचालन अनिल अग्निहोत्री व रामसिया मिश्रा द्वारा किया गया, इस अवसर पर समस्त आचार्य भैया बहन व विद्यालय परिवारजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे.

## अंग्रेजी का पेपर सरल

### परीक्षा केंद्रों पर पहले ही दिन उड़न दस्तों की टीमें



तेंदूखेड़ा । मंगलवार से हायर सेकंडरी स्कूल प्रमाण पत्र परीक्षा कक्षा बारहवीं की परीक्षा शुरू हो गई है। पहले दिन अंग्रेजी के प्रश्न पत्र में तेंदूखेड़ा क्षेत्र में कुल 971 छात्र छात्राओं में दो छात्र अनुपस्थित रहे।एक छात्र कन्या विद्यालय तेंदूखेड़ा और दूसरा देवरी राजमार्ग परीक्षा केंद्र में अनुपस्थित रहे। पहले दिन से ही सुरक्षा के व्यापक स्तर पर प्रबंध रहे। जिला शिक्षा अधिकारी के साथ साथ एस डी एम और तहसील दार विकास खंड शिक्षा अधिकारी की टीमों के द्वारा परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। तेंदूखेड़ा के कन्या उच्चतर विद्यालय और बालक उच्चतर विद्यालय परीक्षा केंद्र तथा देवरी राजमार्ग परीक्षा केंद्र में जिला शिक्षा अधिकारी तथा एस डी एम के द्वारा केंद्रों का निरीक्षण किया गया जबकि देवरी राजमार्ग परीक्षा केंद्र में जिला शिक्षा अधिकारी के साथ तहसील की टीम और डोभी में ब्लाक शिक्षा अधिकारी की टीमों ने औचक निरीक्षण किया। शांति पूर्वक परीक्षा हुई।अंग्रेजी का पेपर सरल आने से बच्चों के चेहरों पर मुस्कान देखने को मिली। परीक्षा केंद्र से बाहर आते बच्चों ने बताया कि पेपर सरल था। पिछले साल की प्रश्न पत्रों में से काफी मिले जुले प्रश्न पूछें गये हैं।